हरिभूमि

जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार 20 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

12 वोट चोरी के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी



12 डीएवी स्कूल में मनाया गया विजयदशमी त्यौहार



सर्दियों में रेल यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किल

रेलवे ने 30 ट्रेनों को रद्द करने का लिया फैसला, 16 के घटाए जाएंगे फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेन रद्द होने से बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू जाने वाले यात्रियों को सबसे ज्यादा होगी परेशानी

उत्तर रेलवे ने आगामी ठंड और धुंध के मौसम को देखते हुए अहम फैसला लिया है। दृश्यता कम होने और ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ने 1 दिसंबर से 28 फरवरी 2027 तक विभिन्न मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के पहियों को थामने का निर्णय लिया है। कुल 46 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इसमें 30 ट्रेनें पूरी तरह से रद्द रहेंगी तो 12 आंशिक/फेरे कम और 4 आंशिक रूप से प्रभावित रहेंगी। रेलवे के इस फैसले से आगामी महीनों में यात्रा की योजना बना रहे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। विशेषकर बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब और जम्मू की ओर जाने वाले यात्रियों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि कोहरे के दौरान ट्रेनों के सुरक्षित संचालन और हादसों से बचाव के लिए यह वार्षिक निर्णय लिया गया है। उत्तर रेलवे मुख्यालय ने सभी संबंधित मंडलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य मंडल प्रबंधक यशनजीत सिंह ने बताया कि रद्द और परिवर्तित समय वाली ट्रेनों की जानकारी स्टेशन नोटिस बोर्ड, पूछताछ केंद्रों के माध्यम से प्रसारित की जा रही है।



पूर्ण रूप से रद्द रहने वाली प्रमुख ट्रेनें

कोहरे के कारण उत्तर रेलवे ने कई दैनिक और साप्ताहिक एक्सप्रेस व मेल ट्रेनों को पूरी तरह रद्द करने की घोषणा की है। इसमें ट्रेन नंबर 12207/12208 काठगोदाम-जम्मूतवी-काठगोदाम एक्सप्रेस 6 दिसंबर से 2 मार्च के बीच रद्द रहेगी। इसी प्रकार 12209/12210 कानपुर सेंट्रल-काठगोदाम लिंक एक्सप्रेस 7 दिसंबर से 2 मार्च, 14605/14606 योगनगरी ऋषिकेश-जम्मूतवी-ऋषिकेश दिसंबर से फरवरी के दौरान, 14541/14542 अमृतसर-चंडीगढ़-अमृतसर डेली एक्सप्रेस 1 दिसंबर से 1 मार्च तक, 14503/14504 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-कालका द्वि-साप्ताहिक 1 दिसंबर से 27 फरवरी तक, 14505/14506 अमृतसर-नंगल डैम-अमृतसर पूरा सीजन, 14523/14524 अंबाला कैंट-बरौनी जंक्शन-अंबाला कैंट दिसंबर से मार्च, 14003/14004 मालदा टाउन-नई दिल्ली-मालदा टाउन 3 दिसंबर से 2 मार्च, 14615/14616 लालकुआं-अमृतसर एक्सप्रेस साप्ताहिक सेवा पूरे कोहरे के सीजन रद्द रहेगी।

इन ट्रेनों के घटाए गए फेरे

यात्रियों की संख्या और मार्ग की स्थिति को देखते हुए कुछ प्रमुख गाड़ियों के परिचालन के दिन घटा दिए गए हैं। इसमें ट्रेन 22405/22406 भागलपुर-आनंद विहार गरीब रथ एक्सप्रेस शामिल है। इसके तहत भागलपुर से गुरुवार और आनंद विहार से बुधवार को चलने वाली ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसी प्रकार 11123/11124 ग्वालियर-बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस, सोमवार व गुरुवार और बरौनी से मंगलवार व शुक्रवार को नहीं चलेगी। 12033/12034 कानपुर-नई दिल्ली शताब्दी/एक्सप्रेस, सप्ताह में 6 दिन चलने वाली यह ट्रेन अब मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को रद्द रहेगी। 11905/11906 आगरा फोर्ट-होशियारपुर एक्सप्रेस, आगरा फोर्ट से सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और होशियारपुर से मंगलवार, गुरुवार, शनिवार को रद्द रहेंगी। 12179/12180 लखनऊ जंक्शन-आगरा फोर्ट, शनिवार और रविवार को संचालित नहीं होगी।

ये ट्रेनें होंगी आंशिक रद्द

ट्रेन नंबर 12279/12280 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-नई दिल्ली, यह ट्रेन वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी और ग्वालियर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। यह ट्रेन केवल ग्वालियर से नई दिल्ली के बीच ही चलेगी। इसी प्रकार 14681/14682 नई दिल्ली-जालंधर सिटी-नई दिल्ली, यह ट्रेन अंबाला कैंट और जालंधर सिटी के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन का संचालन केवल नई दिल्ली से अंबाला कैंट के बीच ही किया जाएगा।

रॉग साइड चलाई रोडवेज बस, वाहन चालकों की बढ़ाई परेशानी हादसे का बना खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के पुराने बस स्टैंड से निकली हरियाणा रोडवेज की एक बस जीटी रोड पर गलत दिशा में चलती दिखाई दी। बस सरकारी अस्पताल और रेस्ट हाउस के सामने से गुजरते हुए रेस्ट हाउस के पास बने कट से घूम गई। इस दौरान सड़क पर दूसरे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना का वीडियो एक ई-रिक्शा में सवार व्यक्ति ने बनाया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इधर, जीएम रोडवेज पानीपत डिपो विक्रम कांबोज ने बताया कि रॉग साइड बस चलाने के मामले की जांच की जा रही। जांच की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले में आगे की कार्यवाही की जाएगी।



घटना का बनाया वीडियो

जानकारी के अनुसार, बस पुराने बस स्टैंड से बाहर निकलने के बाद जीटी रोड पर गलत दिशा में चलने लगी। व्यस्त सड़क पर बस को रॉन्ग साइड दौड़ते देखकर दूसरे वाहन ड्राइवरों के लिए परेशानी की स्थिति बन गई। इस दौरान एक ई-रिक्शा में सवार व्यक्ति ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया। अब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग सार्वजनिक परिवहन की बस के इस तरह सड़क पर चलने को लेकर नाराजगी जता रहे हैं।

रॉन्ग साइड चलने से हादसे का खतरा

जीटी रोड पर वाहनों की आवाजाही रहती है। ऐसे में रोडवेज बस का गलत दिशा में चलना दूसरे वाहन ड्राइवरों के लिए खतरा बन सकता है। सामने से आने वाले वाहन ड्राइवरों को अचानक बस दिखाई देने पर अपना वाहन संभालने में परेशानी हो सकती है। इससे सड़क हादसे की आशंका भी बढ़ जाती है। हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने या वाहन के टकराने की सूचना सामने नहीं आई है।

युवती को यूके भेजने के नाम पर ठगे 11 लाख

यमुनानगर। युवती को यूके भेजने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव पिंजौरा निवासी निसार मोहम्मद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी पढ़ाई के लिए यूके जाना चाहती थी। इस दौरान उसकी मुलाकात अरुण कुमार के साथ हुई। आरोपी ने उसकी लड़की को यूके भेजने का आश्वासन दिया। आरोपी ने गत 15 फरवरी से 12 अगस्त तक उसकी लड़की को यूके भेजने के नाम पर अलग-अलग करके 11 लाख रुपये ले लिए। इसके साथ ही आरोपी ने उसकी बेटी के दस्तावेज भी अपने पास रख लिए। मगर आरोपी ने उसकी बेटी को यूके नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपी से बात की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

टैंकर ने पीछे से बैटरी चालित एक्टिवा को टक्कर मारी, महिला की दर्दनाक मौत

अंबाला। थाना बलदेव नगर क्षेत्र के अंतर्गत रविवार करीब 1:45 बजे किंगफिशर के सामने तेज रफ्तार केमिकल टैंकर ने पीछे से बैटरी चालित एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में एक्टिवा पर सवार महिला टैंकर के पहियों के नीचे आ गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। एक्टिवा पर सवार पांच साल की बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई जबकि उनके पिता बच गए। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। शाहपुर गांव के अवतार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूल बस चलाते हैं। रविवार को छुट्टी होने के कारण वह अपनी पांच वर्षीय बेटी अमृत कौर के साथ बैटरी चालित एक्टिवा पर गुरुद्वारा पंजोखरा साहिब में माथा टेकने गए थे। वहां से लौटते समय रास्ते में उन्हें गांव दराली की रहने वाली संगीता शर्मा मिलीं, जो वर्तमान में शाहपुर में रहती थीं। संगीता ने शाहपुर तक जाने के लिए उनसे लिफ्ट मांगी तो उन्होंने उन्हें एक्टिवा पर पीछे बैठा लिया। पीछे से टैंकर ने मारी टक्कर, पहियों के नीचे आई महिला अवतार सिंह के अनुसार जब वे एक्टिवा से अंबाला शहर में किंगफिशर के सामने पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार में आए केमिकल टैंकर ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संगीता शर्मा और उनकी बेटी अमृत कौर सड़क पर गिर गईं। इसी दौरान संगीता टैंकर के पहियों के नीचे आ गईं और गंभीर रूप से कुचलने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बेटी अमृत कौर के सिर, दाहिने हाथ और दाहिने पैर के पंजे पर गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई।

महिला की चाकू मारकर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

यमुनानगर। जिला पुलिस की अपराध शाखा टू की टीम ने दो सितंबर को शहर जगाधरी थाना क्षेत्र के पटरी मोहल्ला में महिला की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने के मामले में मुख्य आरोपी कॉलोनी के ही साजन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।जानकारी के अनुसार टीम के इंचार्ज राकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पटरी मोहल्ला निवासी अमनदीप सिंह की लगभग एक वर्ष पहले 26 वर्षीय प्रिया से शादी हुई थी। इस शादी से उसके पास एक बच्चा है। दो सितंबर को आरोपी साजन प्रिया के घर में घुस आया और ताबड़तोड़ चाकू से उस पर वार कर दिए। उसके गले पर भी वार किया गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पटरी मोहल्ला जगाधरी निवासी साजन को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

दशहरे पर सुरक्षा का कड़ा पहरा, 500 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात

- सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड से प्रमुख चौराहों तक रहेगी निगरानी, सीमा नाके भी अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा के लिए करनाल पुलिस ने जिलेभर में कड़े सुरक्षा प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक करन गोयल के दिशा-निर्देशन में करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। सेक्टर-4 स्थित दशहरा ग्राउंड के चारों ओर पुलिस का विशेष पहरा रहेगा, जबकि शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। रामलीला भवन से निकलने वाली झांकियों और जुलूस के साथ भी पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। जुलूस रामलीला भवन से शुरू होकर कर्ण गेट, महाराणा प्रताप चौक, मीरा घाटी चौक और नमस्ते चौक से होते हुए सेक्टर-4 दशहरा ग्राउंड पहुंचेगा। पूरे मार्ग पर पुलिस की निगरानी रहेगी। जिले में तैनात सभी पीसीआर, पुलिस राइडर और ईआरवी वाहनों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में होटल, धर्मशालाओं और रैन बसेरों की जांच करने के निर्देश भी दिए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए दुर्गा शक्ति टीम के साथ महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी।



खबर संक्षेप

मोटे मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

करनाल। फॉरेक्स ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच देकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के मामले में करनाल साइबर क्राइम पुलिस ने आरोपी जयभगवान तोमर पुत्र छोटूराम तोमर निवासी गांव गुदान, जिला रोहतक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जिला जेल मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश से दो दिन के प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई। प्रोडक्शन वारंट की अवधि पूरी होने पर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।


एटीएम तोड़ने की कोशिश में आरोपी गिरफ्तार

करनाल। अर्जुन गेट के सामने ओल्ड जीटी रोड के नजदीक लगे एसबीआई एटीएम को तोड़ने का प्रयास कर नुकसान पहुंचाने के मामले में थाना शहर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ललित किशोर पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी अलकनंदा कॉलोनी, विशाल नगर, अजमेर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एटीएम तोड़ने के प्रयास में इस्तेमाल कटर, हथौड़ा और अन्य सामान भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक करन गोयल ने बताया कि ओल्ड जीटी रोड के नजदीक लगे एसबीआई एटीएम को अज्ञात व्यक्ति ने तोड़ने का प्रयास किया और उसे नुकसान पहुंचाया।

रामलीला में रावण-अंगद संवाद और लक्ष्मण मूर्छा भंग का हुआ भव्य मंचन

रावण के किरदार में विवेक और अंगद के किरदार में दिखे तुषार गुप्ता

अतिथियों ने दिया आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव के दशम दिवस पर रावण-अंगद संवाद और लक्ष्मण मूर्छा भंग प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। रामलीला देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं शहरवासी पहुंचे। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी सुभाष खुराना तथा पार्षद अनुज गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर रामलीला के मंचन का शुभारंभ किया। इस दौरान कलाकारों ने अपनी शानदार अभिनय कला और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से जोड़ दिया। रामलीला के दौरान रावण और अंगद के बीच हुए संवाद ने विशेष आकर्षण पैदा किया। रावण के किरदार में विवेक गुप्ता और अंगद के किरदार में तुषार गुप्ता ने अपनी दमदार संवाद अदायगी और अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। दोनों कलाकारों के बीच हुए संवाद के दौरान दर्शकों ने तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। वहीं, लक्ष्मण मूर्छा भंग के प्रसंग का मंचन भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से रामायण के महत्वपूर्ण प्रसंगों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में पहुंचे सुभाष खुराना और पार्षद अनुज गुप्ता ने रामलीला के सफल आयोजन के लिए कमेटी के सदस्यों और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन लोगों में धार्मिक आस्था को मजबूत करने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द की भावना को भी बढ़ावा देते हैं।

तरावड़ी में धूमधाम से मनेगा दशहरा , तैयारियां पूरी

- रानी तालाब स्थित ईदगाह के पास लगेगा दशहरा मेला, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन रहेगा अलर्ट

तरावड़ी। शहर में दशहरा पर्व इस बार धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। दशहरा उत्सव को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और शहरवासियों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दशहरा कमेटी की ओर से मेले को भव्य रूप देने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस बार दशहरा मेला रानी तालाब स्थित ईदगाह के पास लगाया जाएगा, जहां 60 फुट ऊंचे रावण तथा 50-50 फुट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले आकर्षण का केंद्र होंगे। दशहरा कमेटी के प्रधान रवि कबीरपंथी ने बताया कि इस बार दशहरा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मेले को लेकर सभी तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले लगभग बनकर तैयार हो चुके हैं। पर्व को लेकर लोगों में उत्साह है और दशहरा मेले में बड़ी संख्या में शहरवासियों के पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्रीराम की विजय और सत्य की शक्ति का संदेश देता है। रावण दहन के माध्यम से लोगों को बुराई का त्याग कर सत्य, धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। दशहरा मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए जाएंगे। मेले में उमडने वाली भीड़ को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता रहेगी।

न्यूज डायरी



शबरी की भक्ति ने किया भावविभोर

करनाल। रामलीला मंचन में भगवान राम और लक्ष्मण के माता सीता की खोज करते हुए शबरी की कुटिया पहुंचने का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सुग्रीव के आदेश पर हनुमान ने ब्राह्मण रूप में राम-लक्ष्मण से भेंट कर वन में घूमने का कारण जाना। अपना वास्तविक रूप प्रकट करने के बाद हनुमान ने राम और सुग्रीव की मित्रता करवाई। सुग्रीव ने राम को अपनी व्यथा सुनाई, जिस पर राम ने उसका दुख दूर करने का संकल्प लिया। इसके बाद बाली वध का प्रसंग मंचित किया गया। अगले प्रसंग में हनुमान माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुंचे, जहां उनकी विभीषण से भेंट हुई।




प्रताप पब्लिक स्कूल में रामलीला का मंचन

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक सुंदर एवं प्रभावशाली लघु नाटिका के माध्यम से संपूर्ण रामायण की कथा प्रस्तुत की। नाटिका में भगवान श्रीराम के जन्म, माता सीता के स्वयंवर, वनवास, रावण द्वारा माता सीता के हरण, हनुमान जी की भक्ति, लंका दहन तथा श्रीराम-रावण युद्ध जैसे प्रमुख प्रसंगों को जीवंत रूप में दर्शाया गया। विद्यार्थियों के शानदार अभिनय और भावपूर्ण संवादों ने उपस्थित सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के चेयरमैन हन्नी चौधरी, निर्देशिका पिथी चौधरी तथा प्रधानाचार्य विकास उत्तरेजा के मार्गदर्शन में हुआ।



श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर में मनाया दशहरा

तरावड़ी। श्री ब्रह्मर्षि विद्या मंदिर कॉन्वेंट तरावड़ी में दशहरे का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास, उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपराओं तथा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया और विद्यालय का वातावरण उत्सवमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया। बच्चों को बताया गया कि दशहरा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन से अहंकार, क्रोध, लोभ, ईर्ष्या और अन्य बुराइयों को समाप्त करने की प्रेरणा देने वाला उत्सव है।



गीता मॉडर्न स्कूल में मनाई दुर्गा अष्टमी

तरावड़ी। गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज दुर्गा अष्टमी और विजयदशमी का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पूरा विद्यालय परिसर जय माता दी और जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से हुआ। नन्हीं छात्राओं ने नवदुर्गा के नौ रूपों की मनमोहक झांकी प्रस्तुत कर शक्ति के महत्व को समझाया। विद्यालय प्रांगण में रावण के पुतले का दहन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर बुराई पर अच्छाई की जीत के नारे लगाए। छात्रों ने गरबा, डांडिया, भक्ति गीत और भाषण के माध्यम से त्योहारों का सांस्कृतिक महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री बाल कृष्ण त्रिपाठी जी ने कहा, हमारा उद्देश्य बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ अपनी संस्कृति से जोडना है। ये त्योहार हमें नारी शक्ति का सम्मान और मर्यादा में रहना सिखाते हैं।



बच्चों ने दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश

तरावड़ी। एस.एम.एस मैमोरियल स्कूल में दशहरा पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में एक विशेष सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने बढ़-चढकर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या विभा कौशिक द्वारा दीप प्रज्वलित करके प्रभु श्री राम की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी समृद्ध संस्कृति से जोडना और समाज से बुराइयों को समाप्त करने का संदेश देना था। इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राएँ भगवान राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण जैसी विभिन्न पौराणिक वेशभूषा में सज-धज कर स्कूल पहुंचे।



माता मनसा देवी मंदिर में दुर्गा अष्टमी पर दिखी आस्था

इंद्री। माता मनसा देवी मंदिर इंद्री मे मंदिर सुधार सभा द्वारा दुर्गा अष्टमी पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर हवन यज्ञ व पूजा-अर्चना की गई। पूजा अर्चना के बाद कंजकों का पूजन किया गया। मंदिर में माता के दर्शनों के लिए काफी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता के मंदिर में मत्था टेककर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की दुआ मांगी। मंदिर के पुजारी मोहित शर्मा ने बताया कि नवरात्रों का विशेष महत्व है। मंदिर सुधार सभा के प्रधान रमेश सिंगला ने बताया कि नवरात्रों के अवसर पर देवी मंदिर में माता की पूजा विशेष रूप से की जाती है। नवरात्रों के सभी दिनों में सुबह शाम माता की आरती की जाती है । उन्होंने बताया कि देवी मंदिर में हर पर्व बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया जाता है।



वैदिक मंत्रोच्चारण और भजनों से गूंजा छात्रावास

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में आर्य युवती परिषद के सौजन्य से आयोजित किए जा रहे प्रेरणा सप्ताह के अंतर्गत छात्रावास में भजन संध्या एवं यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें छात्रावास की सभी छात्राओं ने भाग लिया। संस्कृत प्राध्यापिका डॉ. सीमा रानी ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं भजन गायन के साथ हुआ। डॉ. सीमा रानी ने आर्य समाज के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ आध्यात्मिकता भी जीवन में अत्यंत आवश्यक है। वैदिक संध्या और यज्ञ आध्यात्मिक मूल्यों, अनुशासन, नैतिकता और सदाचार के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।



सांझी माता पूजन में उमड़ी भक्तों की भीड़

करनाल। रामनगर स्थित सनातन धर्म बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नवरात्र के पावन अवसर पर सांझी माता पूजन कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं के साथ भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली। विद्यालय की बालिकाओं और उनकी माताओं ने भी इसमें भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी हरियाणा प्रदेश की प्रदेश सचिव मीना चौहान ने की, जबकि राष्ट्रीय सेविका समिति हरियाणा प्रदेश की धार्मिक विभाग प्रमुख श्रीमती वैशाली खेड़ा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आयोजित डांडिया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा।



बूथ की मजबूती से संगठन को मिलेगी नई ताकत

करनाल। भाजपा संगठन को बूथ स्तर पर अधिक सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से सेक्टर-13 में शक्ति केंद्र पालक अशोक ढींगरा के निवास पर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधायक जगमोहन आनंद मुख्य रूप से मौजूद रहे। शक्ति केंद्र प्रमुखों, पालकों, बीएलए-2, बूथ अध्यक्षों और अन्य पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर चर्चा की। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता और मजबूत संगठनात्मक ढांचा है। प्रत्येक बूथ पर सक्रियता और आमजन से निरंतर संवाद संगठन को मजबूत करता है।



वाद-विवाद में गुरु हरकिशन स्कूल का शानदार प्रदर्शन

करनाल । सर्व विद्या पब्लिक स्कूल, मटक माजरी, इंद्री में आयोजित अंतर-विद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में गुरु हरकिशन पब्लिक स्कूल, सेक्टर-13 करनाल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो प्रथम और एक द्वितीय पुरस्कार हासिल किया। प्रतियोगिता में 13 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 में आठवीं-बी की रागी ने अपने प्रभावी तर्क और वक्तृत्व कौशल के दम पर प्रथम पुरस्कार हासिल किया। सीनियर वर्ग में ग्यारहवीं नॉन मेडिकल के शौर्य मित्तल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बारहवीं कला संकाय की हर्षप्रीत कौर ने द्वितीय पुरस्कार अपने नाम किया। विद्यालय निदेशक सरदार जसबीर सिंह गुलाटी, उप निदेशक सुप्रीत कौर त्रिखा और प्रधानाध्यापिका कविता अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की सराहना की।



बागवानी कचरे से उपयोगी उत्पाद बनाने की तैयारी

करनाल। शहर से निकलने वाले बागवानी कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर उसे उपयोगी संसाधन में बदलने के लिए नगर निगम करनाल ने पहल शुरू की है। निगम आयुक्त सलोनी शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम की टीम ने चंडीगढ़ के बागवानी अपशिष्ट प्रसंस्करण संयंत्र का निरीक्षण कर उसकी कार्यप्रणाली का अध्ययन किया। निरीक्षण टीम में मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेंद्र चोपड़ा, बागवानी शाखा के सहायक अभियंता मनीष अग्रवाल और कनिष्ठ अभियंता मुनीश लालर शामिल रहे। टीम ने चंडीगढ़ नगर निगम के अधिकारियों के साथ संयंत्र के विभिन्न सेक्शन का निरीक्षण कर बागवानी अपशिष्ट के संग्रहण से लेकर उसके प्रसंस्करण और उपयोग तक की प्रक्रिया समझी। निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने बताया कि सूखे पत्तों, घास, टहनियों और अन्य बागवानी अपशिष्ट का उचित प्रबंधन कर उसे उपयोगी उत्पादों में परिवर्तित करने की योजना पर काम किया जा रहा है।

तरावड़ी के रास बसेरा में खूनी संघर्ष

- बलदेव की गर्दन पर चाकू से हमल, पांच लोगों पर हत्या के प्रयास का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी के रास बसेरा में पारिवारिक कहासुनी ने उस समय हिंसक रूप ले लिया, जब विवाद के दौरान परिवार के नजदीकी लोगों ने बड़े गांव निवासी बलदेव पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में चाकू बलदेव की गर्दन में जा लगा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बलदेव को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए करनाल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही तरावड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रास बसेरा में बलदेव के एक रिश्तेदार का फ्लैट है। बताया जा रहा है कि बलदेव भी वहां पहुंचा हुआ था। फ्लैट पर परिवार के कुछ लोग एक साथ बैठकर खान-पान कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच कहासुनी शुरू हो गई। शुरुआत में मामूली दिखाई देने वाला विवाद देखते ही देखते बढ़ गया और माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर वहां मौजूद कुछ लोगों ने बलदेव पर हमला कर दिया। इसी दौरान चाकू उसकी गर्दन में जा लगा। अचानक हुए इस हमले से वहां मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घायल बलदेव को संभालने और उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। वहीं, वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।गर्दन जैसे संवेदनशील हिस्से पर चाकू से हमला होने के कारण बलदेव की हालत गंभीर बताई गई। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए करनाल रेफर किया गया।



तरावड़ी। हॉस्पिटल में उपचाराधीन बलदेव। फोटो : हरिभूमि

जांच कर रही पुलिस

पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि विवाद किस बात को लेकर शुरू हुआ और चाकू से हमला किन परिस्थितियों में किया गया। मामले में शिकायत, उपलब्ध साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले में पुलिस की जांच जारी है। घटना के पीछे की वास्तविक वजह और हमले में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस का प्रयास है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर मामले की आगामी कार्रवाई की जाए।



सेवा की मिसाल: जय बाबा बर्फानी कृपा मंडल ने लगाया 62वां भंडारा

करनाल। जय बाबा बर्फानी कृपा मंडल रामनगर की ओर से सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को 62वां भंडारा लगाया गया। रामनगर पुलिस स्टेशन के सामने आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय लोगों को कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित किया गया। संस्था के संचालक श्याम सुंदर आहूजा के साथ वीरेंद्र कुमार, जगदीश अरोड़ा, नानक चंद, चंद्रमोहन शर्मा और कृष्ण लाल सहित अन्य सेवादारों ने भंडारे की सेवा संभाली और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। सुबह शुरू हुआ भंडारा दोपहर बाद तक निरंतर चलता रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कढ़ी-चावल का प्रसाद चखा। मंडल की ओर से प्रत्येक सोमवार को भंडारा लगाकर सेवा की जा रही है और इसी कड़ी में इस सोमवार 62वां भंडारा आयोजित किया गया। सेवादारों ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और मंडल की ओर से यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रखी जाएगी।

विधायक रामकुमार कश्यप ने सुनीं लोगों की समस्याएं, समाधान के दिए निर्देश

इंद्री। विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में जनता दरबार आयोजित कर हलके के लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में आई अधिकतर समस्याओं एवं शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया गया, जबकि प्रशासन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका प्रयास है कि आमजन को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से जनता दरबार आयोजित कर लोगों से सीधा संवाद किया जाता है, ताकि उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के माध्यम से उनका समाधान सुनिश्चित किया जा सके।



इंद्री। हलके के लोगों की समस्याएं सुनते विधायक रामकुमार कश्यप ।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया मंडी का निरीक्षण

आढ़तियों से मुलकात कर जानी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने आज शाम घरौंडा अनाज मंडी का दौरा कर धान खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। दो किसानों की शिकायत पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश एसडीएम को दिए। उन्होंने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं दी। माता रानी से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। श्री कल्याण हिमाचल प्रदेश के त्रिलोकपुर स्थित मां बाला सुंदरी मंदिर में मां भगवती के दर्शन कर शाम को सीधे घरौंडा अनाज मंडी पहुंचे। एक सप्ताह के भीतर उनका इस मंडी में यह दूसरा दौरा था। उन्होंने धान की खरीद और उठान के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली। इसी दौरान रसीन गांव के प्रेम सिंह ने स्पीकर को बताया कि दस-बारह दिन से उनका धान मंडी में पड़ा है। उन्होंने ठेके पर जमीन लेकर फसल उगाई थी लेकिन किसी व्यक्ति द्वारा की गई झूठी शिकायत के कारण खरीद नहीं की जा रही है। इसी प्रकार डबरकी पार गांव के रमेश ने कहा कि उन्होंने 6 एकड़ जमीन में धान की फसल उगाई थी। लेकिन पोर्टल पर केवल एक एकड़ की पुष्टि की गई है, बाकी पांच एकड़ को दिखाया ही नहीं। श्री कल्याण ने दोनों मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई के निर्देश एसडीएम अनुभव मेहता को दिए।



नहीं होगी कोई दिक्कत

पत्रकारों से बातचीत में श्री कल्याण ने कहा कि इस बार मंडी में थोड़ी दिक्कत रही है। किसानों पर मौसम की भी मार पड़ी है। एफसीआई की ओर कुछ बदलाव के कारण दिक्कतें आई हैं पर मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करके उनका हल भी निकाला है। उठान संबंधी दिक्कत को जल्द दूर कर दिया जाएगा। अभी 20-25 प्रतिशत फसल मंडी में आनी बाकी है। सरकार ने मिलर्स को भी कुछ और राहत दी है। उम्मीद है कि मिलर्स यहां जल्द खरीद शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन का पूरा प्रयास है कि पैदावार कि बिक्री ठीक प्रकार से हो। व्यापारियों से मजदूरों को भी किसी प्रकार की दिक्कत न आए। एक प्रश्न पर कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बेमौसमी बारिश हो रही है।

खबर संक्षेप

रैली की तैयारी में जुटी माकपा

पानीपत। देश के लोकतंत्र, वोट के अधिकार को बचाने के देशव्यापी आंदोलन को लेकर इंडिया गठबंधन की तरफ से एक नवंबर को नई दिल्ली रामलीला मैदान होने वाली रैली की तैयारी में माकपा जिला कमेटी की बैठक पार्टी हुई। बैठक में माकपा नेता प्रीतम रावल, डॉ.सुरेंद्र मलिक, सुनील दत्त, राजेंद्र छोक्कर, राजपाल गाहल्याण, जय भगवान, रोहतास, पायल नवीन सपरा आदि उपस्थित रहे।

रामलीला में लंका दहन का हुआ मंचन

पानीपत। श्री सनातन धर्म रामलीला सभा मॉडल टाउन के तत्वावधान में चल रहे रामलीला महोत्सव में ऐतिहासिक, आध्यात्मिक एवं रोमांच से परिपूर्ण लंका दहन के प्रसंग का संजीव मंचन किया गया। इस अवसर पर अनिल दुआ, राजू खिल्लन, आकाश खुराना, पप्पू नारंग, गोपी काठपाल, नीरज सोई, तनिश, श्री सनातन धर्म रामलीला सभा के प्रधान तरुण गांधी समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

140578 मीट्रिक टन धान की हुई आवक

पानीपत। उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की विभिन्न मंडियों में 18 अक्टूबर तक कुल 140578 मीट्रिक टन धान की आवक हुई इसमें से 10679.0 मीट्रिक टन धान पीआर तथा 1509 किस्म की 129646.0 मीट्रिक टन धान, सरबती 70 मीट्रिक टन, बासमति/1121 धान 183 मीट्रिक टन व मुच्छल शून्य मीट्रिक टन धान की आवक हुई है।

मंडियों में धान की आवक ज्यादा व उठाव कम हो रहा

पानीपत। नार्थ इंडिया एंटी करपशन एंड क्राइम प्रीवेंशन आग्रेनाईजेशन की बैठक लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। यशपाल मलिक ने बैठक में बोलते हुए कहा कि फिलहाल प्रदेश की अनाज मण्डियों में धान की आवक ज्यादा व उठाव कम हो रहा है। जिसका खामियाजा किसान व आढ़तियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों की इस समस्या का शीघ्र समाधान किया जाए। इस अवसर पर शिवम गुप्ता, राधेश्याम, देवेंद्र राणा एडवोकेट, कर्मबीर सरपंच, राजेश वर्मा, दीपक देशवाल, राजपाल कश्यप आदि उपस्थित रहे।

हुडा व हाउसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किए

पानीपत। पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट के आदेश के तहत हुडा सेक्टर 13-17 के रिहायशी क्षेत्र में चल रहे कमर्शियल गतिविधियों पर हुडा व हाऊसिंग बोर्ड ने नोटिस जारी किए है। स्मरणीय है कि हाउसिंग बोर्ड व हुडा में कई प्लाट ऐसे हैं जिनको पार्टीशन किया हुआ है यानी टुकड़ों में अलग-अलग दुकानें बनाकर किराये पर दिया गया है, जो नियमों के विरूद्ध है। स्मरणीय है कि हुडा ने 11/12 में दिए नोटिस के बाद काफी दुकाने बंद हो चुकी है।

पुलिस ने गहने चोरी के दो आरोपी पकड़े

पानीपत। एवीटी सेल पुलिस टीम के इंचार्ज एसआई राकेश कुमार ने बतलाया कि उनकी टीम ने चोरी करने वाले दो आरोपियों सुनील कुमार पुत्र आनंद प्रकाश निवासी गांव भठगांव जिला सोनीपत हाल गांव सिकंदरपुर जिला पानीपत व आरोपी टिंकू पुत्र अशोक निवासी गांव मोहाना जिला सोनीपत को गिरफ्तार किया है। चोरी के संबंध में चुलकाना चौकी में सोनू पुत्र रमेश चंद्र गांव ढिढार जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी के मामले की पूरी जानकारी व माल बरामदगी के लिए उन्हें कोर्ट में पेश कर छह दिन के रिमांड पर लिया है।

पुलिस ने दशहरे पर सुरक्षा बढ़ाई

पानीपत। दशहरे के त्यौहार को मध्य नजर रखते हुए पानीपत जिला में अलग-अलग जगह पर रावण दहन का कार्यक्रम होने पर जिला भर में 35 जगह पर नाकाबंदी की गई है। दशहरा स्थल पर सुरक्षा को मध्यनजर रखते हुए रावण दहन के आसपास सिविल पाश्चात में व वर्दी में 650 जवानों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। पूरे जिले में यातायात व्यवस्था को देखते हुए विशेष ड्यूटियां लगाई गई है।

चैत्र और आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व

धूमधाम से मनाई श्री दुर्गा अष्टमी, श्रद्धालुओं ने कंजकों का पूजन कर आशीर्वाद लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

नवरात्र पर्व की श्री दुर्गा अष्टमी के अवसर पर जिला पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में श्रद्धालुओं ने कन्याओं को देवी मां का स्वरूप मानते हुए उनकी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व प्रसाद वितरित किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने माता रानी से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और समाज में शांति बनाए रखने की कामना की। वहीं, पानीपत के गांव जलालपुर प्रथम में श्रद्धालु पूजा शर्मा, कविता, रूमा और प्रियंका ने बताया कि उन्होंने नवरात्रों के दौरान पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव से माता रानी के व्रत रखे। अष्टमी के दिन कन्याओं को देवी मां का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए, तिलक लगाकर पूजा-अर्चना की और उन्हें श्रद्धापूर्वक भोजन कराया। वहीं मा.सतनारायण शास्त्री ने दुर्गा अष्टमी के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार प्रत्येक माह में दो बार अष्टमी तिथि आती है लेकिन चैत्र और आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। नवरात्रों के दौरान इस दिन श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा अर्चना करते हैं और कन्या पूजन के माध्यम से देवी शक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। इधर, समालखा, बापौली, सनौली खुर्द, मतलौडा, इसराना, उरलाना कलां, रेर कलां, पट्टीकल्याणा, आदि क्षेत्रों में श्री अष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं ने कंजकों का पूजन कर उन्हें भोजन करवा कर पुण्य कमाया।

परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति बनाए रखने की कामना



पानीपत। श्री दुर्गा अष्टमी पर भोजन ग्रहण करते हुए कंजकें। फोटो: हरिभूमि

जीडी गोयंका स्कूल में मनाया दशहरा पर्व



पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में दशहरे का पर्व मनाते टीचर्स एंड स्टूडेंट्स।

पानीपत। जीडी गोयंका स्कूल में दशहरे का पर्व उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चे रामायण के पात्रों श्री राम, लक्ष्मण, माता सीता व हुनमान आदि के रूप में बहुत ही आकर्षक लग रहे थे। विद्यार्थियों ने रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर आधारित भजन, नाटक और नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। तत्पश्चात रावण दहन किया और पूरा वातावरण जय श्री राम की जय जयकार से गूंज उठा। प्रधानाचार्य डॉ.आदित्य कुमार ने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।चेयरमैन अतुल जैन ने भी दशहरे की बधाई दी और कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जोड़ना है। डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने भी बधाई देते हुए बच्चों को असत्य, क्रोध और अहंकार त्याग कर धार्मिक आस्था और नैतिक मूल्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मैनेजर बलराम शर्मा, सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता लागू

■ डीजीएफटी ने न्यूजीलैंड के लिए टेक्सटाइल शिपमेंट को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



पानीपत। न्यूज़ीलैंड को टेक्सटाइल शिपमेंट रवाना करते डीजीएफटी व एफटीडीओ के अधिकारी व एक्सपोर्टर्स। फोटो : हरिभूमि

पानीपत के एक प्रतिष्ठित निर्यातक की न्यूजीलैंड जाने वाली टेक्सटाइल खेप को सोमवार को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के अधिकारियों के साथ विदेश व्यापार विकास अधिकारी (एफटीडीओ) डॉली कालरा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर डीजीएफटी पानीपत के सेक्शन हेड ज्ञान प्रकाश, सेक्शन हेड योगेंद्र मीणा एवं अपर डिवीज़न क्लर्क (यूडीसी) बिजेंद्र व चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए नीरज वाधवा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। स्मरणीय है कि भारत–न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) 20 अक्टूबर को लागू हो चुका है इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड भारत से जाने वाले सभी उत्पादों पर आयात शुल्क समाप्त कर देगा। पहले भारतीय सामान पर न्यूजीलैंड में दस प्रतिशत तक शुल्क लगता था। इससे न्यूज़ीलैंड के बाजार में भारतीय उत्पाद और प्रतिस्पर्धी बनेंगे। इधर, डॉली कालरा ने कहा कि यह समझौता भारत की वैश्विक व्यापार यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इससे टेक्सटाइल, चमड़ा, फुटवियर, इंजीनियरिंग उत्पादों और एमएसएमई क्षेत्र को नए अवसर मिलेंगे तथा व्यापार, निवेश और रोज़गार बढ़ेगा।

जानलेवा हमले के आठ आरोपी पकड़े

पानीपत। थाना शहर प्रभारी कटार सिंह ने बताया कि थाना शहर पुलिस ने कोर्ट परिसर की पार्किंग में तीन दोस्तों पर डंडों से वार कर जानलेवा हमला करने वाले आठ आरोपियों सुमित उर्फ मीतू पुत्र भीम सिंह निवासी गांव खुखराना, रोहित पुत्र सुरेश निवासी गांव सुताना, जतिन उर्फ बच्ची पुत्र जय प्रकाश निवासी गांव राहडा करनाल, विलास राज उर्फ भोला पुत्र रामजवारी व अंकुश उर्फ गोपी पुत्र राजवीर निवासी गांव उंटला पानीपत, सोहिल खान पुत्र सिकंदर निवासी गांव थिराना, कुनाल उर्फ लीला पुत्र संजय निवासी गांव सुताना व सिद्धार्थ उर्फ सिद्धू पुत्र सुलतान निवासी गांव उंटला को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना शहर में अमित पुत्र रोहताश निवास गांव कवि जिला पानीपत की शिकायत पर केस दर्ज है।

एसो. ऑफ टैक्स लॉयर्स के स्टेट प्रेसिडेंट बने शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



वरिष्ठ अधिवक्ता शिव कुमार मित्तल को एसोसिएशन ऑफ टैक्स लॉयर्स दिल्ली के हरियाणा जोन का स्टेट प्रेसिडेंट नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन की नेशनल एग्जीक्यूटिव कमेटी की 10 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में आयोजित बैठक में उनकी नियुक्ति का निर्णय लिया गया। बता दें कि एडवोकेट शिव कुमार मित्तल को वकालत के क्षेत्र में 33 वर्षों का अनुभव प्राप्त है। वे हरियाणा टैक्स बार में संयुक्त सचिव तथा डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार में उपाध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,भारत विकास परिषद, सेवा भारती, अधिवक्ता परिषद और प्रदेश कानूनी सलाहकार, हरियाणा व्यापार मंडल जैसे सामाजिक, विधिक एवं व्यापारिक संगठनों से भी जुड़े हुए हैं। शुभकामनाएं देने वाले पदाधिकारियों में अजय सिन्हा, मुकुल गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, संजय अरोड़ा, संजय रोहिल्ला, नीतू हवेलिया, राकेश गौतम आदि शामिल है।

रंगमंच कला संगम पर मेला नाटक ने लूटी दर्शकों की वाहवाही

बुजुर्गों की विरासत संभालना युवाओं का फर्ज : मेयर सैनी



पानीपत। रंगमंच पर मेयर कोमल सैनी व अन्य अतिथियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

सनातन धर्म से युवाओं को जोड़ने में रामलीला व नाटक बहुत सहायता करते है

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत

रंगमंच कला संगम के 64वें धर्म प्रचार महोत्सव के तहत मेला नाटक का मंचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम मेयर कोमल सैनी, पूर्व पार्षद रामकुमार सैनी एवं प्रजापति कुम्हार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदगी राम प्रजापति रहे। विशिष्ट अतिथि पार्षद अनिल मदान रहे। रंगमंच कला संगम के प्रधान रमेश मल्होत्रा, विनोद पांचाल, महासचिव यश गुप्ता, संजय ठाकुर, चांदराम पूनिया, श्यामलाल सैनी, राज बठला व अशोक लूथरा ने अतिथियों का फूल माला, पटका, पगड़ी व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर नाटक का शुभारंभ किया। मंच संचालन संजय ठाकुर ने किया। मेयर कोमल सैनी ने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने यह जो धरोहर बनाई थी रंगमंच के पदाधिकारी व कलाकार उसे जिंदा रखे हुए हैं। भविष्य के लिए युवाओं को भी पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए। बुजुर्गों की विरासत संभालना युवाओं का फर्ज है। अपने सनातन धर्म से युवाओं को जोड़ने में रामलीला व नाटक बहुत सहायता करते हैं। संजय ठाकुर ने बताया कि इस नाटक को सूरजभान रंगीला द्वारा लिखा गया है। इसका मंचन रंगमंच कला संगम के कलाकार कर रहे हैं।

नाटक प्रस्तुति करने वाले कलाकार

नाटक प्रस्तुति करने वाले कलाकारों में संजय ठाकुर, इसरार साबरी, नवीन मित्तल, सुमित गुप्ता, रोहित ठकराल, गोल्डी ठाकुर, संजय पंवार, सुरेंद्र सैनी, रिंकू शर्मा, चांदराम पूनिया, जोगिंदर सैनी, भोला ठकराल, राकेश सैनी, सागर शर्मा व मोंटी ठाकुर शामिल हैं।



श्री देवी मंदिर की रामलीला में डीसी डॉ. हरीश को सम्मानित करते हुए आयोजक।

सीईओ डॉ.किरण का अभिनय देखने पहुंचा पानीपत प्रशासन

पानीपत। श्री देवी मंदिर के प्रांगण में रामलीला कमेटी द्वारा 157वें धर्म प्रचार महोत्सव में शबरी लीला, सुग्रीव मित्रता,बाली वध,लंका दहन की लीला का मंचन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त डॉ.हरीश वशिष्ठ, एसपी मेधा भूषण, एसडीएम पानीपत मंदीप कुमार, एसडीएम अमित भार्गव परिवार सहित रामीलाला देखने पहुंचे। वहीं रामलीला में सीता का किरदार जिला परिषद की सीईओ डॉ.किरण निभा रही है। इधर, श्री रामलीला कमेटी देवी मंदिर के प्रधान आदर्श गुप्ता, वीरेंद्र बंसल भोला, पार्षद नवल जिंदल, संजय बंसल, प्रेम गर्ग, संदीप जिंदल, अजय गोयल ने अतिथियों का फूल माला, पटका, बैज, शाल, पगड़ी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अतिथियों ने डॉ किरण समेत सभी कालाकारों के अभिनय की सरहाना की। जबकि मंच संचालन एडवोकेट मेहुल जैन ने किया। रामलीला का मंचन सुषमा कौशिक की टीम द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर महेंद्र कंसल, विजय शर्मा, अमित राज गुप्ता, मनोज सिंगला, बृजभूषण गर्ग, गंगाराम मंगला आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

हरियाणा दिवस पर राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तेज

■ उपायुक्त ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭पानीपत



ये मौजूद रहे

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे, एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, डीडीपीओ राजेश शर्मा, ब्रह्माकुमारी संस्थान के निदेशक भारत भूषण, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता सबित पानू, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता करण बहल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

हरियाणा दिवस के अवसर पर एक नवंबर को आयोजित होने वाले 'विकसित भारत का संकल्प : ग्राम उत्थान से राष्ट्रीय उत्थान' कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ब्रह्माकुमारी संस्थान के मानसरोवर रिट्रीट सेंटर, थिराना में प्रस्तावित दौरे को देखते हुए उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतलौडा अनाज मंडी और मानसरोवर रिट्रीट सेंटर के आस पास संभावित हेलीपैड स्थलों का जायजा लिया तथा कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ और पुलिस अधीक्षक मेधा भूषण ने दोनों स्थानों का दौरा कर सुरक्षा, आवागमन, पार्किंग, अतिथियों के बैठने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। प्रशासन की ओर से कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी। गौरतलब है कि उपायुक्त प्रशासनिक टीम के साथ अब तक कार्यक्रम स्थल का दो बार दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा ले चुके हैं।



पानीपत। हरियाणा स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के विजेता तैराक। फोटो: हरिभूमि

पानीपत के तैराकों का स्विमिंग चैंपियनशिप में दबदबा

■ हंसिका ने जीता गोल्ड, अरमान, समर्थ, रिले टीम ने किया जोरदार प्रदर्शन

पानीपत। चैंपियंस एक्वाटिक्स एकेडमी, बहादुरगढ़ में आयोजित 43वीं सब जूनियर और 53वीं जूनियर हरियाणा स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप में जिला के तैराकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। पानीपत की स्टार तैराक हंसिका ने ग्रुप वन वर्ग में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में स्वर्ण जीता। वहीं, हंसिका ने अपनी श्रेणी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल दो स्वर्ण पदक जीते। जबकि ग्रुप थ्री में बॉयज की 4100 मीटर मेडले रिले स्पर्धा में जिला टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। रिले टीम में शामिल खिलाड़ी कयांश सेठी, वंश निहाल सिंह, समर्थ, दक्ष, अरमान राठी ने सिल्वर और ब्रॉन्ज, लंबे समय की तैराकी स्पर्धाओं में पानीपत के अरमान राठी ने अपनी गति का लोहा मनवाया।

लोकेश की मौत की जांच शुरू

पानीपत। थाना हुडा सेक्टर 13/17 थाना पुलिस ने टूर एंड ट्रैवल संचालक लोकेश उर्फ सौरव की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। इधर लोकेश के पिता राज सिंह ने लोकेश की लिव इन पार्टनर पूजा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पिता का दावा है कि पूजा लोकेश पर 10 लाख रुपये लाने का दबाव बना रही थी। आरोप लगाया कि पूजा ने दबाव डालकर लोकेश का पहली पत्नी से तलाक भी करवाया था। डीएसपी मुकेश जाखड़ ने बताया कि लोकेश की मौत के मामले की पुलिस गहन जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस इस मामले में आगे की कार्यवाही करेगी।

■ पूजा लोकेश पर 10 लाख रुपये लाने का दबाव बना रही थी

ब्रह्म ऋषि श्रीनाथ ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति से भी जुड़े रहना चाहिए

श्रीराम शोभायात्रा निकाली, हनुमान स्वरूपों ने नृत्य किया, श्रद्धालुओं को सुख समृधि का आशीर्वाद दिया

■ स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज व पानीपत से ब्रह्म ऋषि श्रीनाथ ने शोभायात्रा का स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭समालखा



समालखा। पाइट में श्री राम शोभा यात्रा में नृत्य करते हुए श्री हनुमान स्वरूप।

दशहरा पर्व पर पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। हनुमान स्वरूप जमकर नाचे तो श्रीराम बने स्वरूपों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को आशीर्वाद दिए। फूलों की रास्तेभर वर्षा होती रही। मौका था पाइट कॉलेज में हनुमान स्वरूपों के आगमन और श्रीराम शोभायात्रा का। वहीं, स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज व पानीपत से ब्रह्म ऋषि श्रीनाथ ने शोभायात्रा का स्वागत किया। पाइट के प्रबंध समिति के सदस्यों, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार एवं विभाग अध्यक्षों ने श्रीराम परिवार एवं हनुमान स्वरूपों का वंदन किया।

हनुमान जी की कृपा से सब काम आसान हो जाते हैं

पानीपत के आठ मरला से श्रीराम दूत हनुमान सभा, इंसार बाजार से श्री बजरंग सेवक सभा, समालखा की कृष्णा कॉलोनी हनुमान मंदिर से श्री राम भक्त हनुमान सेवक सभा से हनुमान स्वरूपों ने आरती की और सभी को नचाया। ब्रह्म ऋषि श्रीनाथ ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हमें अपनी संस्कृति से भी जुड़े रहना चाहिए। हनुमान जी की कृपा से सब काम आसान हो जाते हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि श्रीराम का नाम जपते रहें। पाइट में पढ़ रहे अलग-अलग राज्यों के छात्र-छात्राओं ने हनुमान स्वरूप संस्कृति को समझा और रास्तेभर नाचते रहे। इस दौरान पाइट सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, कर्ण कालड़ा, देवान शर्मा, आदित्य राजपूत, कृष्ण मास्टर, महाराज संजय गर्ग, महाराज तरुण नंदवानी, आकाश नारंग, अभिषेक, युवराज छाबड़ा सहित सैकड़ों हनुमान भक्त मौजूद रहे। मंच

लापरवाह चालकों पर कड़ी नजर

पानीपत। पानीपत की पुलिय कप्तान मेधा भूषण के नेतृत्व में जिला में अपराधों की रोकथाम, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात नियमों की प्रभावी पालना करवाने के उद्देश्य से विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत बिना नंबर प्लेट चलने वाले वाहनों, निर्धारित मानकों के अनुरूप हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट नहीं लगी होने वाले वाहनों, नियमों के विरुद्ध ब्लैक फिल्म एवं प्रतिबंधित काली जाली का प्रयोग करने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी। निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों की पालना करवाई जा सके।

■ प्रतिबंधित काली जाली का प्रयोग करने वाले वाहनों की सघन जांच की जाएगी

संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी, दिन-रात नाकाबंदी व चेकिंग अभियान जारी

त्योहारी सीजन में पुलिस सतर्क, आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर रखने के लिए बढ़ाई गश्त

एसपी ने सभी थाना प्रभारियों, सीआईए यूनिट को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

त्यौहारी सीजन के मद्देनजर पुलिस ने जिले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने सभी प्रबंधक थाना, सीआईए यूनिटों और खुफिया तंत्र को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए। माहौल खराब करने का प्रयास करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। एसपी ने कहा कि दशहरा, दीपावली, भैयादूज सहित आगामी त्योहारों के दौरान बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस बल के साथ नियमित पैदल गश्त करने, संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर नजर रखने तथा आवश्यकता के अनुसार चेकिंग अभियान चलाने के आदेश दिए हैं।

नाकाबंदी और वाहन चेकिंग पर विशेष जोर



पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए हैं कि जिले में दिन-रात नाकाबंदी और वाहन चेकिंग अभियान निरंतर जारी रखा जाए। विशेष रूप से दोपहिया वाहनों पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमने वाले व्यक्तियों पर नजर रखी जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए छोटी-बड़ी सूचनाएं एकत्र करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए हैं। त्यौहारों के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर संभावित भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया है। सभी थाना प्रभारी और यातायात पुलिसकर्मी अपने-अपने क्षेत्रों में यातायात की स्थिति पर नजर रखें। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात का उचित प्रबंधन किया जाए, ताकि जाम की स्थिति से बचा जा सके और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है। एसपी ने लोगों से भी अपील की है कि त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, असामाजिक तत्व या आपराधिक गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और अपुष्ट सूचनाओं को सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। त्योहारों के दौरान शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने में नागरिकों का सहयोग महत्वपूर्ण है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता

पुलिस की ओर से बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर गश्त बढ़ाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वर्दी और सादे कपड़ों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती किए जा रहे हैं ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते नजर रखी जा सके। सभी थाना प्रभारियों को रात्रि गश्त बढ़ाने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। जिले के होटल, रेस्टोरेंट, लॉज, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड तथा इनके आसपास स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस द्वारा इन स्थानों पर नियमानुसार जांच की जाएगी, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का समय रहते पता लगाया जा सके। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील क्षेत्रों को चिह्नित कर वहां सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

पुलिस वेरिफिकेशन बेहद अनिवार्य

जिला में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के तहत मकान मालिकों, पीजी संचालकों तथा घरेलू सहायकों को काम पर रखने वाले लोगों के लिए पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करना अनिवार्य किया गया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिले में बड़ी संख्या में बाहरी लोग पेइंग गेस्ट (पीजी) आवासों और किराये के मकानों में रहते हैं। कई बार मकान मालिकों और पीजी संचालकों द्वारा किरायेदारों एवं वहां रहने वाले व्यक्तियों का उचित रिकॉर्ड नहीं रखा जाता और न ही उनका पुलिस सत्यापन करवाया जाता है। ऐसी लापरवाही का फायदा उठाकर असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोग आपराधिक वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। जारी आदेशों के तहत किसी भी आवासीय या व्यवसायिक परिसर के मालिक, मकान मालिक अथवा प्रबंधक को किसी व्यक्ति को किराये पर मकान देने या अन्य प्रकार से आवास उपलब्ध कराने से पहले संबंधित किरायेदार, पीजी में रहने वाले व्यक्ति अथवा अन्य निवासी का पूरा विवरण संबंधित पुलिस थाने में उपलब्ध करवाना होगा। इसके अतिरिक्त, मकान या परिसर किराये पर देने अथवा किसी व्यक्ति को पीजी में ठहराने के इच्छुक व्यक्ति को संबंधित थाना प्रभारी के पास निर्धारित विवरण लिखित रूप में प्रस्तुत करना होगा। आदेश में स्पष्ट किया है कि सभी पीजी संचालकों, मकान मालिकों और परिसर के प्रबंधकों को किरायेदारों एवं पीजी में रहने वाले व्यक्तियों का उचित पुलिस सत्यापन करवाना अनिवार्य होगा। बिना उचित पुलिस सत्यापन के किसी भी व्यक्ति को आवास उपलब्ध नहीं करवाया जाना चाहिए। आदेशों के अनुसार घरों में घरेलू सहायकों अथवा अन्य घरेलू कर्मचारियों को काम पर रखने वाले व्यक्तियों को भी उनकी पूरी जानकारी संबंधित पुलिस थाने में लिखित रूप से उपलब्ध करवानी होगी।



बराड़ा। सांसद व विधायक कार्यकर्ताओं के साथ रैली निकालते हुए।

मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला फूंककर प्रदर्शन

- कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे को लेकर सड़कों पर निकाला रोष मार्च, केंद्र सरकार पर भी जमकर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत सोमवार को साहा में कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर कथित वोट चोरी के मुद्दे पर रोष जताया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकालकर चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग करते हुए उनका पुतला भी फूंका। प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध, अंलोकसभा सांसद वरुण चौधरी और मुलाना विधायक पूजा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के मताधिकार की रक्षा करने और चुनाव आयोग की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की। यहां अपने संबोधन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है। चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखना और लोगों का चुनाव व्यवस्था पर विश्वास कायम रखना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वोट चोरी से जुड़े आरोप लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। इन आरोपों पर चुनाव आयोग को पारदर्शी तरीके से जवाब देना चाहिए।

ये रहे मौजूद

उन्होंने आरोपों की निष्पक्ष जांच और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता पर जोर देते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जनता के वोट की विश्वसनीयता बनाए रखना बेहद जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग को लेकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि कांग्रेस जनता के मताधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद करती रहेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष दुष्यंत चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष रवि अरोड़ा, नरेंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एसडीएम ने सुनी लोगों की समस्याएं

अंबाला। उपायुक्त कार्यालय के सभागार में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम दर्शन कुमार ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को सुनने का काम किया और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के समाधान को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें।



सिल्वर सिटी थीम्स में रामलीला का भव्य मंचन

पंचकूला। सिल्वर सिटी थीम्स में लगातार तीसरे वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष की रामलीला पिछले दो वर्षों की प्रस्तुतियों से अलग और विशेष रही। इस बार रामायण के पात्रों ने मंच पर स्वयं अपना परिचय देकर दर्शकों को कथा से जोड़ने का अनूठा प्रयास किया। इसके साथ ही रामायण के प्रमुख प्रसंगों पर आधारित छोटे-छोटे एक्ट प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।यह कार्यक्रम सिल्वर सिटी थीम्स की (रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन) के सहयोग से आयोजित किया गया। के सहयोग और सामुदायिक सहभागिता ने इस सांस्कृतिक आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इस विशेष प्रस्तुति का निर्देशन अरुणा मल्होत्रा ने किया, जबकि बच्चों को अभिनय एवं मंच प्रस्तुति के लिए हेमा और विक्रांत ने प्रशिक्षण दिया। उनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अपने अभिनय, संवाद अदायगी और भाव-भंगिमाओं से रामायण के विभिन्न पात्रों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में रामायण के कई महत्वपूर्ण प्रसंगों को सुंदर ढंग से मंचित किया गया।

अवैध निर्माण पर डीसी ने ली रिपोर्ट

अंबाला। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अपने कार्यालय में जिला नगर योजनाकार, एचएसवीपी व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ अवैध निर्माण व अवैध कॉलोनियों के दृष्टिगत एक बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने जिला नगर योजनाकार गुंजन वर्मा से अवैध निर्माण के तहत जो गतिविधियां एवं कार्य किए जा रहे हैं उसकी विस्तार से जानकारी हासिल की। डीटीपी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि विभाग द्वारा शैडयूल के मुताबिक 16 जगहों पर बनाकर अवैध निर्माण के तहत कार्रवाई की रूपरेखा तय की गई है।

अब सरकारी-निजी स्कूलों के नौनिहाल जीवन की व्यवहारिक चुनौतियों से निपटना सीखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किताबी ज्ञान के साथ-साथ अब सरकारी और निजी स्कूलों के नौनिहाल जीवन की व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के लिए भी तैयार होंगे। जिला प्रशासन ने बच्चों को आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और सजग नागरिक बनाने के उद्देश्य से एक पहल प्रोजेक्ट विश्वास की शुरुआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चा जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करके बाहर निकले, तो वह न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हो, बल्कि स्वतंत्र रूप से जीने, अपनी सुरक्षा करने और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम हो। प्रोजेक्ट विश्वास के तहत प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए उनकी उम्र के अनुसार गतिविधियों और कौशलों का खाका तैयार किया गया है। शुरुआती कक्षाएं जैसे प्री-नर्सरी से केजी के छोटे बच्चों को हाथ-मुंह धोना, खिलौने सही जगह रखना, स्कूल बैग पैक करना, पेड़-पौधों में पानी देना और गुड टच-बैड टच के प्रति जागरूक किया जाएगा। सड़क सुरक्षा और कचरा प्रबंधन की दी जाएगी।

नागरिकता के कर्तव्यों का बोध कराया जाएगा

इसी प्रकार प्राथमिक वर्ग के कक्षा 1 से 3 के तहत सब्जियां-फल धोना, सड़क सुरक्षा के नियम, कचरा अलग करना, घर की सफाई व डस्टिंग करना, प्राथमिक चिकित्सा और अपनी भावनाओं को व्यक्त करना सिखाया जाएगा। उच्च प्राथमिक वर्ग कक्षा 4 से 6 के तहत बिना गैस जलाए भोजन (जैसे वेज सैंडविच) बनाना, सुई में धागा पिरोना, उपभोक्ता अधिकार, खाना गर्म करना, कपड़े धोना और किशोरावस्था से जुड़े शारीरिक परिवर्तनों के बारे में जागरूक करना शामिल है। माध्यमिक वर्ग कक्षा 7 से 8 के तहत समय प्रबंधन, यात्रा की योजना बनाना व बजट तैयार करना, मासिक धर्म स्वच्छता, वित्तीय बजट और डिजिटल प्राइवेसी व पासवर्ड सुरक्षा की जानकारी दी जाएगी। उच्च वर्ग कक्षा 9 व 10 के तहत आपातकालीन स्थिति में कदम उठाना, बैंक खाता खोलना, मानसिक स्वास्थ्य व तनाव प्रबंधन, प्रोफेशनल ईमेल लिखना, ऑनलाइन टिकट बुकिंग और जिम्मेदार नागरिकता के कर्तव्यों का बोध कराया जाएगा।

विद्यार्थियों ने रावण के पुतले का किया दहन

डीएवी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया विजयदशमी का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विजयदशमी केवल रावण के पुतले के दहन का पर्व नहीं बल्कि अपने भीतर छिपी बुराइयों पर विजय प्राप्त करने और सत्य, मर्यादा व सदाचार को जीवन में अपनाने का संकल्प भी है। इसी भावना के साथ अंबाला शहर के डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में महात्मा आनंद स्वामी की स्मृति में मनाए जा रहे 'आनंद पर्व' के अंतर्गत विजयदशमी का उत्सव श्रद्धा, उल्लास और वैदिक संस्कारों के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. राधा रमन सूरी ने रावण दहन कर विद्यार्थियों को आत्मविजय और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। रावण दहन का दृश्य विद्यार्थियों के लिए केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर बना। रावण के दस सिर मानो मनुष्य के भीतर छिपे अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या, स्वार्थ और अन्य दुर्गुणों के प्रतीक बनकर सामने आए। पर्व ने प्रेरणा दी कि सच्ची विजय तभी संभव है, जब हम स्वयं की कमियों को पहचानकर उन्हें दूर करने का प्रयास करें और राष्ट्र को कमजोर करने वाली बुराइयों तथा सामाजिक कुरीतियों के अंत में अपना योगदान दें। इसी पावन अवसर पर आनंद पर्व के अंतर्गत कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा वैदिक हवन-यज्ञ भी किया गया।



बराड़ा। डीएवी स्कूल में विजयदशमी मनाते स्कूली छात्र।

प्रेरणा का आह्वान

विद्यालय की एक्टिविटी इंचार्ज गौरी वंदना ने बताया कि 15 से 24 अक्तूबर तक आयोजित 'आनंद पर्व' महात्मा आनंद स्वामी के जीवन-मूल्यों और विचारों से प्रेरणा लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि महात्मा आनंद स्वामी ने जीवनपर्यंत सामाजिक बुराइयों का खंडन किया और समाज में जागरूकता तथा मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का प्रयास किया। उनके विचार हमें सिखाते हैं कि समाज को बेहतर बनाने की शुरुआत स्वयं से होती है।

विशेष लोक अदालत 21 नवंबर को

अंबाला। हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 21 नवंबर 2026 को जिला न्यायालय परिसर में (एनआई एक्ट) से संबंधित मामलों हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष लोक अदालत का उद्देश्य धारा 138 एनआई एक्ट से संबंधित लंबित मामलों का आपसी समझौते एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से त्वरित निपटारा करना है जिससे पक्षकारों का समय एवं धन दोनों की बचत हो सके। न्यायिक प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाया जा सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सभी संबंधित पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस विशेष लोक अदालत का लाभ उठाएं।



कुश्ती और हरियाणवी सांग रहेंगे मुख्य आकर्षण के केंद्र

मारकंडा नदी पर लगेगा गरबड़ो का प्रसिद्ध मेला

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

गांव तंदवाल-हरयोली की सीमा पर स्थित मारकंडा नदी के किनारे पर महर्षि मारकंडेय मंदिर उदासीन आश्रम बड़ा अखाड़ा की ओर से 26 और 27 अक्टूबर 2026 को शरद पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय गरबड़ों का मेला लगेगा। इस मेले को लेकर इलाके के लोगों में खासा उत्साह है। इस मेले में हरियाणा के अलावा पड़ोसी राज्यों से भी लोग आते हैं। मंदिर के महंत ज्ञान मुनि उदासीन ने बताया कि इस मेले में भाग लेने के लिए आश्रम की ओर से सभी श्रद्धालुओं, क्षेत्रवासियों और धर्मप्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि इस मेले में धार्मिक आस्था के साथ-साथ हरियाणवी संस्कृति और पारंपरिक खेलों की झलक भी देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में कुश्ती प्रतियोगिता, सांगी और अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक गतिविधियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। आयोजकों का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के साथ ग्रामीण संस्कृति और आपसी भाईचारे को मजबूत करना है। मेले में खेल-खिलौने, श्रृंगार का सामान, सजावट का सामान, गरबड़ों, मिट्टी के बर्तनों की दुकानें लगती है। मेले में आने वाले श्रद्धालु मीठे चावलों का प्रसाद मारकंडा नदी पर चढ़ाकर माथा टेकते और मन्नते मांगते है।



बराड़ा। मारकंडेय मंदिर का फाइल फोटो व महंत ज्ञान मुनि उदासीन।

हरियाणवी सांग कार्यक्रम होगा

दो दिवसीय इस मेले में दोनों दिन शाम चार बजे से शाम छह बजे तक कुश्ती का आयोजन किया जाएगा। इसमें दूर दूर से आए पहलवान अपनी शारीरिक क्षमता और दांव-पेच का प्रदर्शन करेंगे। वहीं रात में नौ बजे से दो बजे तक हरियाणवी सांग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें हरियाणवी लोककला और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन किया जाएगा। सांग की लोकपरंपरा ग्रामीण जीवन और हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी हुई है।